भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

## कार्यपालक निदेशक के 1 (एक) पद पर भर्ती
## Recruitment of Executive Director – 1 (one) post

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एक सांविधिक विनियामक निकाय (रेग्यूलेटरी बॉडी) है, जिसकी स्थापना संसद के अधिनियम के तहत की गई है । इसका उद्देश्य है - प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों का संरक्षण करना और प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) के विकास को बढ़ावा देना तथा उसे विनियमित करना। सेबी, कॉण्ट्रैक्ट / प्रतिनियुक्ति आधार पर, कार्यपालक निदेशक के पद हेतु भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है ।

Securities and Exchange Board of India (SEBI / Board), is a statutory regulatory body established by an Act of Parliament, to protect the interests of investors in securities, to promote the development of and to regulate the securities market. SEBI invites applications from Indian citizens for the post of Executive Director on contract/ deputation basis.

**<u>कार्यपालक निदेशक</u> - पदों की सं.: 1 (एक)**

**<u>EXECUTIVE DIRECTOR</u> - No. of Posts: 1 (one) post**

**<u>वेतन और भत्ते:</u>**

**<u>Pay and Allowances:</u>**

वेतनमान: सेबी के कार्यपालक निदेशक का वेतनमान, जो फिलहाल ₹204000-6000(2)-₹216000 (3 वर्ष) है ।

Scale of Pay: As admissible to an Executive Director, SEBI. The present applicable SEBI scale of pay for Executive Director is ₹204000-6000(2)-₹216000 (3 years).

इस वेतनमान के अनुसार शुरूआती कुल मासिक आय है - लगभग ₹4.89 लाख (बोर्ड की आवास सुविधा सहित) या ₹5.85 लाख (आवास सुविधा के बिना) ।

The approx. monthly gross emoluments at the beginning of the scale work out to ₹4.89 lacs (with Board provided accommodation) or ₹5.85 lacs (without accommodation).

**<u>फायदे:</u>** अन्य फायदों में शामिल हैं - छुट्टी किराया रियायत (एलएफसी), चिकित्सा सुविधाएँ, दुर्घटना बीमा, आवासीय कार्यालय भत्ता, स्टाफ हेतु गृहसज्जा की स्कीम के तहत प्रतिपूर्ति, बच्चों की शिक्षा हेतु भत्ता, वाहन रखरखाव हेतु व्यय की प्रतिपूर्ति [चालक (ड्राइवर) के वेतन सहित], आदि । वार्षिक सीटीसी: लगभग 95 लाख (आवास सुविधा के बिना) ।

**<u>Benefits:</u>** Other benefits includes Leave Fare Concession, Medical Benefits, Accident Insurance, Residential Office Allowance, Staff Furnishing Scheme, Children Education allowance, Vehicle Maintenance (including Driver's Salary), etc. Annual CTC: Approximately 95 lacs (without accommodation).

प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किए गए उम्मीदवारों के पास यह विकल्प होगा कि वे या तो वेतन और भत्तों की उतनी रकम ले लें जो उन्हें अपनी संस्था में पहले मिलती थी या फिर सेबी के वेतनमान के अनुसार मिलने वाली रकम ले लें ।

The candidates appointed on Deputation basis would have the option to draw pay and allowances as admissible to him/her in the parent organization or the scale of pay as admissible in SEBI.

**<u>कॉण्ट्रैक्ट आधार पर</u>**

**<u>ON CONTRACT BASIS</u>**

**<u>31 मई, 2024 तक की स्थिति के अनुसार शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव</u>:**

**<u>Educational Qualification & Experience as on May 31, 2024</u>:**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से एमबीए / एमएमएस [वित्त (फाइनेंस) में विशेषज्ञता के साथ] / सीए /सीएस / सीएफए / सीडब्ल्यूए / एलएलबी / अर्थशास्त्र, वित्त या ऐसे किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर जो बोर्ड की राय में उपयोगी हो, और साथ ही प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) से संबंधित समस्याओं को निपटाने में कम से कम 20 वर्षों का अनुभव (योग्यता प्राप्त करने के बाद का) अथवा विधि, तहकीकात (इन्वेस्टिगेशन), वित्त, अर्थशास्त्र, अकाउंटेंसी, प्रशासन या ऐसे किसी अन्य क्षेत्र का विशेष ज्ञान / अनुभव जो बोर्ड की राय में उपयोगी हो ।

MBA/MMS with specialization in Finance / CA / CS / CFA / CWA / LLB / Post Graduation in Economics, Finance or any other discipline which in the opinion of the Board is useful, from a recognized University / Institution with minimum of 20 years of post-qualification experience in dealing with problems relating to securities market or special knowledge / experience of Law, Investigation, Finance, Economics, Accountancy, Administration or any other discipline considered useful to the Board.

**आयु-सीमा (31 मई, 2024 तक की स्थिति के अनुसार):**

31 मई, 2024 तक की स्थिति के अनुसार आयु न तो 40 वर्ष से कम हो और न ही 55 वर्ष से अधिक हो । हालाँकि, यदि कोई उम्मीदवार काबिल पाया जाता है और उसकी आयु 31 मई, 2024 तक की स्थिति के अनुसार 57 वर्ष तक की भी हो, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार किया जा सकेगा ।

**Age Limit as on May 31, 2024:**

Not less than 40 years and not more than 55 years as on May 31, 2024. However, in deserving cases upto maximum of 57 years as on May 31, 2024 may be considered.

**नियुक्ति की शर्तें आदि:**

यह नियुक्ति पूरी तरह से कॉण्ट्रैक्ट आधार पर तीन वर्षों की अवधि के लिए की जाएगी । यह कॉण्ट्रैक्ट दोनों ही पक्षों द्वारा 3 महीनों का नोटिस देकर या फिर 3 महीनों के वेतन और भत्तों की रकम अदा करके समाप्त किया जा सकता है ।

जो उम्मीदवार सरकारी / अर्ध-सरकारी संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों / उपक्रमों में कार्यरत हों और कार्यपालक निदेशक के पद (कॉण्ट्रैक्ट आधार पर) हेतु आवेदन कर रहे हों, उन्हें साक्षात्कार की तारीख तक अपनी संस्था की ओर से जारी किया गया “अनापत्ति प्रमाणपत्र” प्रस्तुत करना होगा । सेबी में नियुक्त किए जाने से पहले, उम्मीदवार को अपनी पिछली संस्था की ओर से जारी किया गया एक प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उन्हें विधिवत् रूप से कार्यमुक्त कर दिया गया है ।

यदि किसी उम्मीदवार के लिए आवेदन उसकी संस्था (उसके नियोक्ता) के माध्यम से भिजवाना जरूरी हो, तो ऐसे में वह उम्मीदवार ऑनलाइन लिंक के जरिए सेबी के पास विज्ञापन में दी हुई अंतिम तारीख तक अपने आवेदन की ‘अग्रिम प्रति’ अवश्य प्रस्तुत कर दे, और फिर आवेदन की मूल प्रति (कागज़ी रूप में) उसकी संस्था (उसके नियोक्ता) के माध्यम से साक्षात्कार की तारीख तक सेबी के पास अवश्य पहुँच जाए ।

**Terms of appointment:**

The appointment for the post will be purely on contractual basis for a period of three years. The contract can be terminated by either side by giving 3 months’ notice or 3 months’ salary and allowances in lieu thereof.

Candidates applying for the post of Executive Director (On Contract) who are already in service of Govt./Quasi-Govt. Organizations and Public Sector Banks/Undertakings will have to produce a "No Objection Certificate' from their employer, on or before the date of Interview. Before appointment in SEBI, a proper discharge certificate from the previous employer will also have to be produced.

If the application is required to be routed through their employer should submit an 'Advance Copy' of their application to SEBI through the online link on or before the last date of application as given in the advertisement. The application in hard copy should be routed through the employer which should reach SEBI on or before the date of interview.

**टिप्पणी**: सेबी के जो अधिकारी मुख्य महाप्रबंधक के पद पर हैं, वे भी कार्यपालक निदेशक के पद (कॉण्ट्रैक्ट आधार पर) हेतु आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते कि वे योग्यता से संबंधित उपरोक्त मानदंडों पर खरे उतरें । ऐसे अधिकारियों की उम्मीदवारी पर केवल तभी विचार किया जाएगा, जब उन्हें कार्यपालक निदेशक के पद के लिए उपयुक्त और योग्य पाया जाए । यदि ऐसे उम्मीदवार का चयन हो जाता है, तो उसे बोर्ड की सेवाओं से त्यागपत्र देना होगा / सेवानिवृत्ति लेनी होगी । हालाँकि, इस पद हेतु बाहरी उम्मीदवार को तरजीह दी जाएगी ।

**<u>प्रतिनियुक्ति आधार पर [सरकार (अखिल भारतीय / केंद्रीय सिविल सेवा ग्रुप-ए), भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकों, वित्तीय संस्थाओं से]</u>**

प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किए गए उम्मीदवारों के पास यह विकल्प होगा कि वे या तो वेतन और भत्तों की उतनी रकम ले लें जो उन्हें अपनी संस्था में पहले मिलती थी या फिर सेबी के वेतनमान के अनुसार मिलने वाली रकम ले लें ।

**<u>31 मई, 2024 तक की स्थिति के अनुसार अनुभव:</u>**

सरकार (अखिल भारतीय / केंद्रीय सिविल सेवा ग्रुप-ए), भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकों, वित्तीय संस्थाओं में कार्यरत अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हेतु - प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) से संबंधित समस्याओं को निपटाने में कम से कम 20 वर्षों का अनुभव या विधि, तहकीकात (इन्वेस्टिगेशन), वित्त, अर्थशास्त्र, अकाउंटेंसी, प्रशासन या ऐसे किसी अन्य क्षेत्र में विशेष ज्ञान / अनुभव जो बोर्ड की राय में उपयोगी हो ।

**<u>नियुक्ति की शर्तें आदि:</u>**

इस पद पर प्रतिनियुक्ति आधार पर तीन वर्षों के लिए नियुक्ति की जाएगी ।

प्रतिनियुक्ति आधार पर कार्यपालक निदेशक के पद हेतु आवेदन करने वाला उम्मीदवार अपना आवेदन अपनी संस्था (अपने नियोक्ता) के माध्यम से ही भिजवाए । ऐसा उम्मीदवार ऑनलाइन लिंक के जरिए सेबी के पास विज्ञापन में दी हुई अंतिम तारीख तक अपने आवेदन की 'अग्रिम प्रति' अवश्य प्रस्तुत कर दे, और फिर आवेदन की मूल प्रति (कागज़ी रूप में) उसकी संस्था (उसके नियोक्ता) के माध्यम से साक्षात्कार की तारीख तक सेबी के पास अवश्य पहुँच जाए ।

**Note:** Officers of SEBI in the rank of Chief General Manager may also apply for position of Executive Director on contract basis subject to fulfilling above eligibility criteria. The candidature of such Officers will be considered strictly on suitability and merit. The candidate, if selected, shall be required to resign/retire from the services of the Board. However, preference will be given to external candidate for the advertised post.

**<u>ON DEPUTATION BASIS {Deputation from Government (All India / Central Civil Service Group A), RBI, Banks, Financial Institutions}</u>**

The candidates appointed on Deputation basis would have the option to draw pay and allowances as admissible to him/her in the parent organization or the scale of pay as admissible in SEBI.

**<u>Experience as on May 31, 2024:</u>**

Deputation from Govt. (All India / Central Civil Service Group A), RBI, Banks, Financial Institutions, with not less than 20 years of experience in dealing with problems relating to securities market or special knowledge / experience of law, investigation, Finance, Economics, Accountancy, Administration or any other Discipline considered useful to the Board.

**<u>Term of appointment:</u>**

The appointment for the post will be on deputation basis for a period of three years.

The candidates applying for the post of Executive Director on Deputation basis should route their application through the employer. Such candidates should submit an 'Advance Copy' of their application to SEBI through the online link on or before the last date of application as given in the advertisement. The application in hard copy should be routed through the employer which should reach SEBI on or before the date of interview.

ऐसे उम्मीदवार आवेदन के साथ सतर्कता विभाग के अनापत्ति पत्र [यदि उम्मीदवार पर पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी / छोटी पेनल्टी लगाई गई हो, तो उसका जिक्र भी इस पत्र में अवश्य किया जाए] और कैडर क्लीयरेंस के साथ-साथ पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टें भी हो सके तो आवेदन करने की अंतिम तारीख तक प्रस्तुत कर दें, और यदि आवेदन करने की अंतिम तारीख तक उन्हें प्रस्तुत न किया जा सके तो उन्हें साक्षात्कार की तारीख तक अवश्य प्रस्तुत कर दें ।

Candidates should also furnish Vigilance Clearance (major / minor penalties, if any, imposed during last 10 years), Cadre Clearance and Annual Confidential Reports for last 5 years along with the application preferably before last date of application but mandatorily on or before the date of interview.

**टिप्पणी:** यदि साक्षात्कार की तारीख तक उपरोक्त दस्तावेज प्राप्त नहीं होते, तो ऐसे में आवेदक साक्षात्कार हेतु पात्र नहीं होंगे ।

**Note:** In case of non-receipt of the abovementioned documents on or before the date of interview, the applicants shall not be eligible to appear for interview.

**क) सामान्य अनुदेश:**

1. चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा । कार्यपालक निदेशक पद पर नियुक्ति हेतु बोर्ड खोज और चयन की प्रक्रिया भी अपनाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा योग्य उम्मीदवारों पर विचार किया जा सके । बोर्ड चयन प्रक्रिया में बदलाव कर सकता है (जैसा भी यह ठीक समझे) ।
2. जिन उम्मीदवारों को कार्यपालक निदेशक के पद हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, उनमें से जो दूसरे शहरों से हों, उन्हें आने-जाने के लिए हवाई यात्रा के इकनॉमी क्लास के किराए (उनके निवास-स्थान से साक्षात्कार के स्थान तक के सबसे कम दूरी वाले मार्ग का) की रकम अदा की जाएगी, बशर्ते कि वे जरूरी दस्तावेज आदि प्रस्तुत करें।
3. उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे जिस पद हेतु आवेदन कर रहे हैं उसके लिए वे पात्र हैं । बोर्ड केवल साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय ही यह देखेगा कि उम्मीदवार पात्र हैं या नहीं ।
4. बोर्ड यदि चाहे तो काबिल उम्मीदवारों के मामले में पात्रता की किसी शर्त आदि से छूट दे सकता है ।
5. प्रतिनियुक्ति / कॉण्ट्रैक्ट आधार पर नियुक्त किया गया उम्मीदवार सेबी में स्थायी नियुक्ति का हकदार **नहीं** होगा ।
6. सेबी के पास यह अधिकार है कि वह चाहे तो पद को फिलहाल न भी भरे ।
7. बोर्ड के पास यह अधिकार है कि वह किसी भी आधार पर इस विज्ञापन को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से रद्द कर सकता है ।

**A) GENERAL INSTRUCTIONS:**

1. Mode of Selection will be Interview. To widen the pool of suitable candidates for appointment to the post of Executive Director, the Board will also follow a search-cum-selection process. The Board reserves the right to modify the selection procedure, if deemed fit.
2. Outstation candidates called for Interview for the post of Executive Director will be reimbursed economy Class Air fare for the to and fro journey by the shortest route from the place of their residence, to the place of interview, subject to submission of necessary documentations.
3. Candidates should satisfy themselves about their eligibility for the post applied for. The Board shall determine their eligibility only at the stage of shortlisting for interview.
4. The Board reserves the right to relax certain eligibility criteria in deserving cases.
5. The Candidate who will be appointed on deputation / contract will **not** be entitled for permanent employment with SEBI.
6. SEBI reserves the right to not fill up the post at all.
7. The Board reserves the right to cancel the advertisement fully or partly on any grounds.

8. यदि कोई उम्मीदवार किसी भी प्रकार की सिफारिश आदि करवाने का प्रयास करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।

8. Canvassing in any form will disqualify the candidate.

9. यदि उम्मीदवार पात्र न हों या फिर उन्होंने जानबूझकर गलत या झूठी जानकारी दी हो या कोई अहम जानकारी छिपाई हो, तो ऐसे में चयन प्रक्रिया के दौरान कभी भी उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकेगी । यदि इस चयन प्रक्रिया में किसी उम्मीदवार का चयन हो जाता है और बाद में यह पाया जाता है कि वह योग्यता के संबंध में निर्धारित किए गए मानदंडों पर खरा नहीं उतरता, तो ऐसे में उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और यदि उसे नियुक्त कर लिया गया हो, तो ऐसे में उसका कॉण्ट्रैक्ट बिना कोई नोटिस या मुआवजा दिए ही समाप्त कर दिया जाएगा ।

9. If the candidates are not eligible or have knowingly or willfully furnished incorrect or false particulars or suppressed material information, their candidature will be liable to be cancelled at any stage of the selection. If the candidate qualifies in the selection process and subsequently it is found that he/she does not fulfill the eligibility criteria, his/her candidature will be cancelled and if appointed, the contract would be terminated without any notice or compensation.

10. जो आवेदन अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होंगे उन पर विचार नहीं किया जाएगा । आवेदन प्राप्त होने में किसी भी प्रकार की देरी हो जाने या डाक द्वारा भिजवाए गए आवेदन के खो जाने के मामले में बोर्ड किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा ।

10. Applications received after due date will not be entertained. The Board takes no responsibility for any delay in receipt of application or loss thereof in postal transit.

11. सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम माना जाएगा और सभी उसे मानने के लिए बाध्य होंगे । इस संबंध में किए गए किसी भी निवेदन आदि पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. The decision of Board in all matters would be final and binding, and no correspondence in this regard would be entertained.

12. भर्ती की यह प्रक्रिया उसी पद से संबंधित है जिसके संबंध में विज्ञापन 28 जुलाई, 2023 को जारी किया गया था, और उस भर्ती प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करने की जो अंतिम तारीख थी उससे एक वर्ष के भीतर ही यह विज्ञापन जारी किया जा रहा है । भर्ती की उस प्रक्रिया में जिन उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, वे इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन करने हेतु पात्र नहीं होंगे ।

12. This recruitment exercise relates to the same position which was advertised on July 28, 2023 and is within one year from the last date of receipt of application of the said recruitment exercise. Candidates who had applied during the said recruitment exercise are not eligible to apply.

**ख) आवेदन कैसे करें:**

**B) HOW TO APPLY:**

13. सभी उम्मीदवारों को इस लिंक पर जाकर ही अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगा -

13. All candidates shall mandatorily fill the on-line application form through the link -

https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doCareerFormEd2024=yes

यह लिंक सेबी के वेबसाइट पर इस शीर्षक के अंतर्गत भी दिया हुआ है: करियर । यह लिंक **14 जून, 2024 से 13 जुलाई, 2024** तक उपलब्ध रहेगा ।

The link is also provided on the SEBI website under Careers Section. The online link shall remain open from **June 14, 2024 to July 13, 2024**.

**14.** आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करने के बाद, निम्नलिखित उम्मीदवार निर्धारित फॉर्मेट में अपने आवेदन की मूल प्रति (कागज़ी रूप में) भी प्रस्तुत करें, और उसके साथ सभी जरूरी दस्तावेज भी लगाएँ:

**14.1.** वे उम्मीदवार, जो प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन कर रहे हों और जिन्हें अपना आवेदन अपनी संस्था (अपने नियोक्ता) के जरिए भिजवाना हो।

**14.2.** वे उम्मीदवार, जो कॉण्ट्रैक्ट आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन कर रहे हों और जिन्हें अपना आवेदन अपनी संस्था (अपने नियोक्ता) के जरिए भिजवाना हो ।

**14.3.** कोई अन्य उम्मीदवार, जिनके जरूरी दस्तावेजों का आकार बड़ा होने की वजह से वे दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड न किए जा सकें ।

**15.** उपरोक्त दस्तावेज (बंद लिफाफे पर "सेबी - कार्यपालक निदेशक के पद हेतु आवेदन" लिखकर) नीचे दिए गए पते पर भिजवा दिए जाएँ:

मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन विभाग),
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड,
प्लॉट सं. सी4-ए, "जी" ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051

उम्मीदवार यदि चाहें तो निर्धारित फॉर्मेट में अपने आवेदन सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ इस ईमेल पर भी भिजवा सकते हैं - **edrecruitment@sebi.gov.in** ।

**16.** जिन उम्मीदवारों के लिए अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करने के बाद उपरोक्तानुसार उसकी मूल प्रति (कागज़ी रूप में) भिजवानी जरूरी हो, उनके आवेदन की मूल प्रति सेबी में साक्षात्कार की तारीख तक अवश्य प्राप्त हो जाए । यदि साक्षात्कार की तारीख तक उपरोक्त दस्तावेज प्राप्त नहीं होते, तो ऐसे में आवेदक साक्षात्कार हेतु पात्र नहीं होंगे ।

**17.** यदि आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत न किए जाएँ और केवल उनकी मूल प्रति ही प्रस्तुत की जाए, तो ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**14.** After submitting the applications online, the following candidates shall also submit their application in hard copy in the prescribed format, along with supporting documents:

**14.1.** Candidates applying on Deputation who are required to route applications through their employer.

**14.2.** Candidates applying on Contract who are required to route applications through their employer.

**14.3.** Any other candidate, who wants to share supporting documents which are bulky and they are unable to upload the same on the online link.

**15.** The above documents shall be sent in a sealed cover superscribing 'SEBI – application for the post of Executive Director' at the following address:

The Chief General Manager (HRD),
Securities and Exchange Board of India,
Plot No.C4-A, "G" Block, Bandra Kurla Complex,
Bandra (East), Mumbai – 400051

Alternatively, applications along with the supporting documents in the prescribed format can also be sent through email at **edrecruitment@sebi.gov.in**.

**16.** The candidates who are required to submit their application in hard copy (post submitting the online application), as specified above, should reach SEBI on or before Interview. In case of non-receipt of the abovementioned documents on or before the date of interview, the applicants shall not be eligible to appear for interview.

**17.** Applications which are not submitted online and only hard copy has been submitted, shall not be considered.

# भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

## SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

### कार्यपालक निदेशक के 1 (एक) पद [कॉण्ट्रैक्ट / प्रतिनियुक्ति आधार पर] हेतु आवेदन

### APPLICATION FOR THE POST OF EXECUTIVE DIRECTOR - 1 (one) post (On Contract / Deputation basis)

| | प्रथम नाम / FIRST | मध्य नाम / MIDDLE | उपनाम / SURNAME |
|---|---|---|---|
| 1. पूरा नाम / Name in full: (स्पष्ट अक्षरों में / all Capital) | | | |
| 2. पिता का नाम / Father's Name | | | |

| 3. लिंग / Sex: ( √ ) | पुरुष M | | स्त्री F | |
|---|---|---|---|---|

4. वर्ग (जहाँ लागू हो वहाँ कृपया √ का निशान लगाएँ) Category (Please √ wherever applicable):

| अनारक्षित UR | अ.पि.व. OBC | अ.जा. SC. | अ.ज.जा ST. | दिव्यांग व्यक्ति PWD |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

बॉक्स में पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएँ और उस पर इस तरह से हस्ताक्षर करें कि आधे हस्ताक्षर फोटो पर आएँ और आधे फॉर्म पर / Paste Passport size photograph in the box and sign across it

| 5. जन्म तिथि / Date of Birth: | तारीख | | महीना | | वर्ष | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
| | | | | | | | | |

| 6. कुल अनुभव / Total Experience (महीनों में / in months): | | 7. किस आधार पर नियुक्ति की जानी है / Mode of appointment ( √ ) | |
|---|---|---|---|
| अंकों में / In figures | | प्रतिनियुक्ति आधार पर On Deputation | |
| शब्दों में / In words | | कॉण्ट्रैक्ट आधार पर On Contract | |

8. **31/05/2024 तक की स्थिति के अनुसार कार्य के अनुभव के ब्यौरे: (यदि जरूरी हो, तो अनुभव के ब्यौरे देने के लिए कृपया अतिरिक्त पृष्ठ लगाएँ)***
**Details of Work Experience as on 31/05/2024: (If required, please attach extra sheet to give details of experience)***

| जिस संस्था में कार्य कर रहें हैं उसका नाम और पता Employer Name & Address | पदनाम Designation | क्या कार्य देख रहे हैं Job Profile | अवधि / Period | | कुल अनुभव / Duration | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से From | कब तक To | वर्ष Years | महीने Months |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

** यदि आपको सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में कोई अनुभव हो, तो कृपया उसकी भी जानकारी दें / You may like to highlight experience in Information Technology (IT)*

9. **31/05/2024 तक की स्थिति के अनुसार शैक्षिक योग्यताएँ: (यदि जरूरी हो, तो शैक्षिक योग्यता के ब्यौरे देने के लिए कृपया अतिरिक्त पृष्ठ लगाएँ)***
**Academic Qualifications as on 31/05/2024: (If required, please attach extra sheet to give details of academic qualification)***

| योग्यता Qualification | परीक्षा Examination | मुख्य विषय Main Subjects | किस वर्ष उत्तीर्ण किया Year of passing | विश्वविद्यालय / संस्था University / Institute | प्राप्त अंक (%) Overall (%) of marks | श्रेणी Class / Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्नातक / Graduation | | | | | | |
| स्नातकोत्तर Post-Graduation | | | | | | |
| कोई अन्य / Any other | | | | | | |

** यदि आपके पास सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के विषय से संबंधित कोई प्रमाणपत्र हो, तो कृपया उसकी भी जानकारी दें / You may like to highlight qualification in Information Technology (IT)*

| 10. डाक का पता / Postal Address (स्पष्ट अक्षरों में / English - in capital letters only) | | जिला / Dist.: |
|---|---|---|
| | | राज्य / State: |

| पिन कोड / Pin Code: | | | | | | | ईमेल / E Mail: |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

| मोबाइल / Mobile: | दूरभाष सं. (एसटीडी कोड सहित) / Telephone with STD code: |
|---|---|

**मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने ऊपर जो भी ब्यौरे दिए हैं, वे मेरी जानकारी के अनुसार पूरी तरह से सत्य और सही हैं । मैं यह समझता हूँ / समझती हूँ कि यदि किसी भी समय यह पाया जाए कि इस आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी / गलत है या फिर यह पाया जाए कि मैं बोर्ड के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता / करती हूँ, तो ऐसे में मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति रद्द की जा सकती है । मैने इस विज्ञापन में दी हुई शर्तों आदि को पढ़ और समझ लिया है और मैं यह वचन देता / देती हूँ कि मैं उनका पालन करूँगा / करूँगी । I declare that the information furnished above is true and correct to the best of my knowledge & belief. I understand that at any stage, if found that any information given in this application is false/ incorrect or that I do not satisfy the eligibility criteria according to the Board, my candidature/ appointment is liable to be cancelled/** terminated. I have **read and understood the stipulations given in the advertisement and hereby undertake to abide by them.**

**स्थान / Place:**
**तारीख / Date:** **आवेदक के हस्ताक्षर / Signature of the Applicant**